# हव्याप्र मंडल में क्रीड़ा विद्यापीठ

## राज्य शासन की ओर से नियुक्त समिति ने भी किया परिसर का निरीक्षण




प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार
अमरावती, 22 फरवरी- एचव्हीपीएम में क्रीड़ा विद्यापीठ देंगे, ऐसी घोषणा चार माह पूर्व उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने की थी. जिसके बाद यहां क्रीड़ा विद्यापीठ शुरू किया जा सकेगा क्या? इस संबंध में संभावनाओं की जांच करने के लिए एक समिति की स्थापना की गई.

4 माह पूर्व ही इस समिति ने हव्याप्र मंडल को भेंट देने तथा निरीक्षण करने के बाद राज्य सरकार को रिपोर्ट सौंपी. लगातार उपमुख्यमंत्री उसी प्रकार भाजपा के गुट नेता अमरावती के क्रीड़ा विद्यापीठ के संबंध में वक्तव्य दे रहे हैं, इसलिए शीघ्र ही अमरावती को क्रीड़ा विद्यापीठ मिलेगा, ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है. अमरावती में क्रीड़ा विद्यापीठ होने पर अमरावती सहित संपूर्ण विदर्भ के युवकों को अपना क्रीड़ा कौशल बढ़ाने के साथ ही रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे. पुणे सहित अमरावती में विद्यापीठ शुरू करने का मानस है.

इसके लिए शासन स्तर से भी प्रयास शुरू हैं. एचव्हीपीएम विश्व दर्जे की क्रीड़ा संस्था है तथा यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेले जानेवाले सभी खेलों की सुविधा है. यदि क्रीड़ा विद्यापीठ एचव्हीपीएम को मिला, तो सिंथेटिक अॅथलॅटिक्स ट्रैक, अंतराष्ट्रीय जलतरण केंद्र पर बड़े प्रमाण में सुविधा, एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान, फुटबॉल मैदान उसी प्रकार अन्य खेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय दर्जे की सुविधाएं मिलेंगी.

### अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निर्माण करने में सहायता

क्रीड़ा विद्यापीठ में सर्वत्र तांत्रिक मुद्दे उपलब्ध रहेंगे, इसलिए वहां दर्जेदार अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार करने में सहायता मिलेगी, साथ ही स्पर्धात्मक वातावरण में खिलाड़ियों को अभ्यास करने का भी अवसर मिलेगा. स्वाभाविक है खेल और खिलाड़ियों की गुणवत्ता भी इसके कारण बढ़ेगी.

# ऑनलाइन ठगी रोकने पीआई नीलिमा आरज की बैठक

## धीरज बसेरिया सहित क्षेत्रवासियों की उपस्थिति



प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार
अमरावती, 22 फरवरी- रोजाना ऑनलाइन फ्रॉड की घटनाएं सामने आने व ठगी का शिकार हो रहे नागरिकों को देख सिटी कोतवाली पुलिस थाने की पीआई आरज मैडम ने मसानगंज स्थित बिजासेन माता मंदिर प्रांगण में धीरज बसेरिया, मनीष साहू व क्षेत्रवासियों संग बैठक ली. जिसमें मैडम का कहना रहा कि एक और टेक्नोलॉजी ने हमारा जीवन आसान बनाया है. वही इसके कुछ नुकसान भी हैं, जो हमें झेलने पड़ रहे हैं. ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा से हमें खुदरा रुपयों की चिंता नहीं रहती और यह आसान भी है, लेकिन इसके साथ ही इसमें धोखाधड़ी की संभावना भी है. इसलिए ऑनलाइन पेमेंट का व्यवहार सोच-समझ कर करें. किसी को भी अपना ओटीपी न दें. अगर कोई आपका दोस्त बनकर खाते में पैसा डालने को कहे तो न डालें अगर आपके साथ किसी भी प्रकार का ऑनलाइन फ्रॉड होता है तो तुरंत पुलिस को सूचना दें. पीआई आरज ने कहा कि माता-पिता अपने बच्चों के मोबाइल पर भी ध्यान दें. अपना बच्चा मोबाइल में क्या कर रहा है, इस ओर ध्यान दें. आजकल युवक-युवतियों के घर से भाग जाने के प्रकरण भी काफी हो रहे है. अगर कोई क्षेत्र में दादागिरी करता है तो पुलिस को कॉल करें. ऐसे मामलों को लेकर सभी को सतर्क रहने का संदेश पीआय आरज मैडम ने दिया. इस दौरान पीआय आराज मैडम, पीएसआय बालाजी वडसने, रोशन किरसान, निंभोरकर भाऊ, पंकज भाऊ, धीरज भाऊ, राजेंद्र गुप्ता, मोहनलाल साहू, सुरेंद्र ठाकुर, गजलाल बसेरिया, भागचंद साहू, कैलाश सुरेलाल, कमलेश साहू, संतोष साहू, मनोज साहू, विजय साहू, नीरज श्रीवास, सूरज बसेरिया, सुरेश फनसे, धीरज बसेरिया, मनीष साहू, आकाश बसेरिया, चंदू भाऊ, मिथुन साहू, सिद्धार्थ गोयल, शुभम अहेरवार, प्रणय साहू सहित क्षेत्रवासी उपस्थित थे.





# विभिन्न मिलेट्स की खेती और खपत को बढ़ावा दें

## विनायक विज्ञान मवि के एनसीसी कैडेट्स ने की जनजागृति

प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार
अमरावती, 22 फरवरी- विभिन्न मिलेट्स की खेती और खपत को बढ़ावा देने के लिए एक सहयोगी प्रयास में विनायक विज्ञान महाविद्यालय के एनसीसी यूनिट, नांदगांव खंडेश्वर, जि. अमरावती (श्री शिवाजी विज्ञान महाविद्यालय, अमरावती का उप-यूनिट) तथा 3 महाराष्ट्र सिग्नल कंपनी एन.सी.सी., अमरावती से संलग्नित एनसीसी कैडेट्स और नांदगांव खंडेश्वर की नगर पंचायत, जिला अमरावती ने मिलेट्स के महत्व और खाद्य सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करने में उनकी भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक पहल की है. यह पहल संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित किए जाने के अवसर पर की गई है.इस कार्यक्रम के लिए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अलका भिसे, आई.क्यू.ए.सी. समन्वयक डॉ. सुचिता खोड़के, 3 महाराष्ट्र सिग्नल कंपनी एन.सी.सी., अमरावती कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल मनोज कुमार सिंह और श्री शिवाजी साइंस कॉलेज, अमरावती एन.सी.सी. अधिकारी कप्तान डॉ. नितिन बनसोड का मागदर्शन एवं एनसीसी समन्वयक डॉ. प्रशांत बी. खरात, नेमीनाथ सानप, नगर पंचायत के नगर अधिकारी, नांदगांव खंडेश्वर, 3 महाराष्ट्र सिग्नल कंपनी एन.सी.सी., अमरावती सूबेदार दामोदर साहू, शंकर चव्हाण, प्राध्यापक, कर्मचारी, एन.सी.सी. कैडेट्स, साथ ही कॉलेज के छात्रों का समर्थन मिला.

# 10 निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के साथ सेवा एवं सत्संग संपन्न






प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार
अमरावती, 22 फरवरी- सोमवार को शिवधारा मिशन फाउंडेशन की ओर से अनेक सेवा एवं आध्यात्मिक कार्य 1008 सतगुरु स्वामी शिवभजन जी महाराज की मासिक तिथि पर आयोजित किए गए. जिसमें सुबह 9 से 10 बजे तक पूज्य शिवधारा आश्रम सिंधु नगर में सत्संग हुआ. तत्पश्चात 10:15 हर महीने की भांति अनाज, किराना, दवाइयां, सब्जियां आदि जरूरतमंदों में वितरित हुई.

इस अवसर पर विशेष रूप से पूर्व नगरसेवक बलदेव बजाज, कैलाश पुंशी आदि उपस्थित थे. दोपहर 12 बजे दस्तूर नगर द्वारकानाथ कॉलोनी स्थित शिवधारा नेत्रालय में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन सेवा संपन्न हुई. जिसमें हर महीने की भांति 10 असहाय जरूरतमंदों के ऑपरेशन हुए. निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन की सेवा अपने पिता स्व. मधुसूदन जी बेनप्रसाद जी जाजोदिया की स्मृति में चंद्रकांत लप्पी भैया जजोदिया ने करवाई. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साईं नितिन लाल अयोध्या, उद्घाटक शमन लाल खत्री, राजकुमार लुल्ला, संस्था अध्यक्ष हरीश आडवाणी, सचिव सुरेंद्र खत्री, वरिष्ठ संतोष नथानी, परमानंद खत्री, स्वामी रामकृष्ण, अशोक बजाज, रोहित कापड़ी, अमरलाल पहलाजानी, कृष्णा केवलरामानी, शिवधारा नेत्रालय स्टाफ आदि विशेष रूप से उपस्थित थे. कार्यक्रम परम पूज्य संत श्री डॉ. संतोष जी महाराज एवं अन्य विशेष अतिथि गणों के साथ दीप प्रज्वलन एवं सद्गुरुदेव भगवान की आरती के साथ हुआ. डॉक्टर्स, विशेष अतिथि और मरीजों के लिए विशेष जलपान की व्यवस्था की गई थी.शाम 6:30 से 8 बजे तक अयोध्या से पधारे साईं नितिन लाल जी, सोलन शिमला से पधारे प. पूज्य दादा लक्ष्मण दास जी का सत्संग हुआ. उसके बाद प्रसाद वितरण हुआ.

पूरा दिन आध्यात्मिक एवं सेवा कार्यों से सतगुरु को समर्पित करते हुए शिवधारा परिवार ने आशीर्वाद एवं आनंद प्राप्त किया.

# सफाई कर्मियों का ईपीएफ भुगतान जल्द करें

## वडाली के अस्थाई कर्मचारियों का आयुक्त को ज्ञापन



अमरावती, 22 फरवरी- मनपा क्षेत्र के अस्थाई प्रभाग सफाई कर्मचारियों को ईपीएस भुगतान ठेकेदार एजेंसी द्वारा भरा नहीं गया.इसे तत्काल भरने की मांग एसआरपीएफ वडाली प्रभाग-9 के ठेका सफाई कर्मचारियों ने मनपा आयुक्त डॉ. प्रवीण आष्टीकर को सौंपे ज्ञापन में की है. ज्ञापन में बताया गया कि, मनपा द्वारा राष्ट्रमाता जिजाऊ महिला बचत समूह को एसआरपीएफ वडाली प्रभाग-9 का दैनंदिन सफाई कामगार ठेका दिया गया है. इस ठेकेदार एजेंसी में सफाई कर्मचारियों ने शुरुआत से ही प्रभाग साफ-सफाई के दैनंदिन 365 दिन काम करते हैं. राष्ट्रमाता जिजाऊ महिला बचत समूह, अमरावती द्वारा पुरुष कर्मी को 250 रु. और महिला कर्मी को 175 रु. एक दिन की मजदूरी दी जाती है. इसके अलावा संबंधित ठेकेदार एजेंसी द्वारा सफाई कर्तव्य पर रहने वाले प्रत्येक कामगारों का ईपीएफ भरना कानूनी अनिवार्य है, किंतु संबंधित ठेकेदार एजेंसी ने शुरुआत के 5-6 महीने तक ईपीएफ भरा, इसके बाद भुगतान नहीं किया.एजेंसी को इस बारे में पूछने पर टालमटोल के जवाब दिए जा रहे हैं. अपने स्तर पर प्रत्यक्ष काम करने वाले कामगारों का ईपीएफ भरें अथवा जमा हुई रकम नगद स्वरुप में कामगारों को ईपीएफ कानून अनुसार दी जाए. इस संबंध में कामगारों को सूचित करने का अनुरोध सफाई कर्मियों ने मनपा आयुक्त से किया.ज्ञापन देते समय निलेश सूर्यवंशी, अमोल वरघट, विशाल बाले, अवित्रा रंगारी, अंकुश शेंडे, नितिन मोगरे, विशाल सूर्यवंशी, कुणाल बिसमोरे, मीना लोखंडे, पल्लवी, सोनगड़े, राजेश लोखंडे, अर्जुन किल्लेकर, उमेश अंभोरे, संजय भुरबुरे, धनश्री शेंडे, देवानंद मोगरे, रवि मोगरे, सागर ओलंबे, गजानन खड़से, गोपाल दामोधरे, बबन थोरात, बंडू सोनकर आदि उपस्थित थे.

# डॉ.किशोर अजमिरे ने डॉ. हेडगेवार हॉस्पिटल को दिया 5 लाख रु. चंदा

## वैद्यकीय सामग्री के लिये सहयोग



प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार
अमरावती, 22 फरवरी- अमेरिका के शिकागो में बसे डॉ. किशोर गुलाबराव अजमिरे ने जनकल्याण सेवा संस्था द्वारा संचालित स्थानीय डॉ. हेडगेवार हॉस्पिटल को 5 लाख रुपयों का चंदा प्रदान किया. विदेश में बसे डॉ. किशोर अजमिरे आज भी भारत से जुड़े हुये हैं. इसीलिये वे भारत के कुछ सेवाभावी प्रकल्पों को चंदा प्रदान करते रहते हैं. उनकी उच्च शिक्षित पत्नी स्व.प्रा. कुमुदिनी अजमिरे का कृतार्थ स्मरण करते हुये उन्होंने वैद्यकीय सामग्री के लिये यह चंदा प्रदान किया है. इस समय संस्थाध्यक्ष अजय श्रॉफ, अस्पताल के प्रकल्प संचालक डॉ. यशोधन बोधनकर और डॉ. किशोर अजमिरे के रिश्तेदार अनंत काळे उपस्थित थे. वर्ष 1970 से डॉ. किशोर अजमिरे शिकागो में बस गये और प्रैक्टिस शुरू की. उनके सुपुत्र डॉ. नीरज और बहू डॉ. रेशमा विदेश में डॉक्टर हैं व वैद्यकीय सेवाएं दे रही हैं. पुत्री डॉ. कविता भी शिकागो में ही कार्यरत होने से डॉ. किशोर अजमिरे आज भी शिकागो में बसे हैं. लेकिन भारत की काली मिट्टी उन्हें आवाज देती है और वे जाते समय खाली हाथ नहीं लौटते, ऐसा चंदा प्रदान करते हैं. संस्था तथा अस्पताल ने डॉ. किशोर अजमिरे और परिवार का आभार व्यक्त किया है.



# शिवाजी उद्यान में मनी शिवजयंती

अमरावती, 22 फरवरी- स्थानीय श्री शिवाजी शिक्षा संस्था द्वारा संचालित एवं पीकेबी (अकोला) से संलग्न श्री शिवाजी उद्यान मवि. द्वारा गत रोज बड़े हर्षोल्लास के साथ छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई गई. इस समय छत्रपति शिवाजी महाराज के अतिभव्य तैलचित्र का पूजन कर समीक्षा दुधे ने शिव गर्जना की. इस समय मंच पर मवि. के प्राचार्य डॉ. शशांक देशमुख, रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी प्रा. दिनेश देशमुख व प्रा. मीरा ठोके उपस्थित थे. कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी गणमान्यों ने छत्रपति शिवाजी महाराज व शिक्षा महर्षि डॉ. पंजाबराव देशमुख की प्रतिमाओं का पूजन कर दीप प्रज्वलन किया. इस समय निकीता इसल, रत्नदीप सुर्वे, अनिकेत बाजड़, अमर गोटे, यश भटकर, आयूष सोनूले ने शिवचरित्र पर अपने विचार व्यक्त किए. वहीं ईश्वरी कडू, आंचल ठाकरे व सायली शिंदे ने शिवचरित्र पर गीत प्रस्तुत किए. संचालन ट्विंकल श्रृंगारे, यशस्वी देशमुख व आभार प्रदर्शन वृंदावनी पाटकर ने किया. इस अवसर पर शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे.

# स्पर्श कुष्ठरोग जनजागरण अभियान के तहत भव्य मैरॉथन

## संभागीय आयुक्त पांढरपट्टे ने हरी झंडी दिखाकर किया उद्घाटन



प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार
अमरावती, 22 फरवरी- कुष्ठरोग के विषय में जनजागरूकता होने के लिए स्पर्श कुष्ठरोग जनजागृति अभियान जिले में चलाया जा रहा है. इसके अंतर्गत कुष्ठरोग संबंध में जनजागरण के लिए विविध कार्यक्रम तथा कुष्ठरोगियों के संबंध में समाज में व्याप्त भय और भ्रांतियां दूर होने मदद मिले, इसके लिए सहायक संचालक, आईएसए व आरडीआयके और केडी महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में भव्य जनजागृति मैरॉथन का आयोजन किया गया था. संभागीय आयुक्त डॉ. दिलीप पांढरपट्टे ने मैरॉथन को हरी झंडी दिखाकर उद्घाटन किया. मैरॉथन के उद्घाटन अवसर पर जिला विधि सेवा प्राधिकरण सचिव पाटिल, सहायक संचालक डॉ. अंकुश शिरसाट, पीडीएमसी के अधिष्ठाता डॉ. देशमुख, आईएमए के अध्यक्ष डॉ. राठी, डॉ. देशमुख, डॉ. मुरके आरडीआय के तथा केडी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. देशमुख उपस्थित थे. कार्यक्रम के आरंभ में नूतन कन्या शाला के स्काउट गाइड की छात्राओं के बैंड पथक ने प्रस्तुति दी. मैरॉथन स्पर्धा में महिला व पुरुष सहभागी हुए थे. विजेताओं को नकद पुरस्कार, स्मृतिचिन्ह तथा प्रमाणपत्र देकर मान्यवरों के हाथों सम्मानित किया गया. समापन अवसर पर आईएमए के सचिव डॉ. देशमुख, आरडीआयके व केडी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. देशमुख व कुष्ठरोग मुक्त राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सुरेशा धोडगे, जिला अॅथलेटिक्स संगठन के सचिव प्रा. अतुल पाटिल उपस्थित थे. प्रस्तावना गजानन पन्हाले ने रखी. संचालन राजू डांगे ने तथा आभार प्रदर्शन पर्यवेक्षक एकनाथ शिंदे ने किया.

# चित्रा वाघ के जन्मदिन पर लघु उद्यमी महिलाओं का सम्मान



अमरावती, 22 फरवरी- भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष चित्रा वाघ के जन्मदिन निमित्त भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश सचिव व पूर्व पार्षद सुरेखा लुंगारे द्वारा लघुउद्योजक महिलाओं का सत्कार सम्मेलन तपोवन परिसर के दत्त विहार कॉलोनी में आयोजित किया गया था. इस अवसर पर मंच पर भाजपा शहर अध्यक्ष किरण पातुरकर, संकल्प सचिव प्रमुख पूनम पाटिल, संध्या डहाके, दीपिका ठाकरे आदि मान्यवर उपस्थित थे. कार्यक्रम की प्रस्तावना करते हुए सरेखा लुंगारे ने चित्रा वाघ को उनके जन्मदिन कि हार्दिक शुभकामनाएं दी व चित्रा वाघ को महाराष्ट्र की महिलाओं का आयकॉन बताया. कार्यक्रम के दौरान कठिन परिस्थितियों का सामना कर जिन महिलाओं ने लघुउद्योग स्थापित किये और अपने परिवार की प्रगति में योगदान दिया, ऐसी महिलाओं का सत्कार किया गया. संकल्प सखी प्रमुख पूनम पाटिल ने ऐसे कार्यक्रमों से प्रेरणा लेने की बात कही. कार्यक्रम के दौरान शोभा सोनवने, उषा गवई, स्नेहा चौधरी, रजनी ढोगले, योगिता आंधले, प्रमिला वैध आदि लघु उद्योग करने वाली महिलाओं का सत्कार किया गया. कार्यक्रम का संचालन स्वाती डेले ने व आभार प्रदर्शन दीपिका ठाकरे ने किया. कार्यक्रम में माला दलवी, प्रमिला केकन सहित परिसर की अनेक महिलायें उपस्थित थीं.

# इंडो किड्स किंडरगार्टन में शिवजयंती की रैली की धूम



अमरावती, 22 फरवरी- स्थानीय इंडो किड्स किंडरगार्डन में शिवजयंती पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया. स्कूल के सभी बच्चे कुर्ता-पायजामा तथा लड़कियां नऊवारी पहनकर सिर पर फेटे लगाए छत्रपति को मानवंदना देने के लिए पहुंचे थे. महाराष्ट्र के आराध्य दैवत छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का पूजन तथा हारार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई.स्कूल प्रांगण से लेकर कठोरा चौक तक बच्चों तथा उनके अभिभावकों के साथ मिलकर शिवाजी महाराज की जय-जयकार करते हुए रैली का आयोजन किया गया था. रैली में बच्चों ने पारंपरिक पोशाक पहनकर लेझिम का बहुत ही रोमांचक प्रदर्शन किया. 'जय शिवाजी, जय भवानी' के नारे लगाते हुए कठोरा चौक तक पहुंचने के बाद वहां शिवाजी महाराज के जीवन पर नृत्य सादर किया गया तथा अपनी कोमल और मधुर आवाज में भाषण देकर बच्चों ने सभी का मन मोह लिया.रैली में बच्चों के माता-पिता ने भी उत्स्फूर्त सहभाग दर्शाया. प्रभाग के पूर्व नगरसेवक प्रशांत डवरे ने अपने भाषण से बच्चों की सराहना करते हुए उनका मार्गदर्शन किया. शिवजयंती रैली की यशस्विता के लिए स्कूल की डायरेक्टर आयुषी देशमुख, सभी इंचार्जेस तथा शिक्षक व अभिभावकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

# एड. रेहान हैदर का शानदार सत्कार



प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार
अमरावती, 22 फरवरी- स्थानीय आजाद कॉलोनी निवासी एड. रेहान अब्दुल सईद शेख का मित्र परिवार की ओर से शानदार सत्कार किया गया. ज्ञात रहे कि कुछ दिन पूर्व शेख रेहान हैदर का चयन डिप्टी चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल में हुआ. शेख रेहान हैदर अब्दुल सईद के इस चयन से परिसर में हर्षोल्लास का माहौल दिखाई दे रहा है. मित्र परिवार की ओर से शानदार सत्कार किया गया. इस सत्कार समारोह का संचालन दानिश काजी (नगर परिषद शिक्षक चांदूर बाजार) ने किया. इसी तरह इस समारोह में उच्च माध्यमिक/क.म.वि. शिक्षक-शिक्षकेत्तर संगठन, महाराष्ट्र राज्य के जिला अध्यक्ष मोहम्मद अकील मोहम्मद गयाद के अलावा उच्च माध्यमिक/क.म.वि. शिक्षक-शिक्षकेत्तर संगठन महाराष्ट्र राज्य शहर अध्यक्ष मिर्जा जहांगीर बेग, मोहम्मद जमीर, मोहम्मद इरफान मोहम्मद अमीर, शेख वसीम, मोहम्मद समीर अख्तर, दानिश काजी, मोहम्मद अतीब खान, अमेर चाउस, नावेद साकिब, शेख साजिद, मोहम्मद जावेद आदि उपस्थित थे. इस समारोह का आभार प्रदर्शन मिर्जा जहांगीर बेग ने किया.

# विश्वविद्यालय और उद्योग जगत में समन्वय की जरूरत

## सीरम के संशोधक डॉ. आशीष सहाय ने कहा



प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार
अमरावती, 22 फरवरी- विश्वविद्यालय और उद्योग के बीच समन्वय बनाने की आवश्यकता है. इससे बेहतरीन मानव बल की निर्मिती में मदद मिलेगी. इस संबंध में उद्योग के लिए आवश्यक जनशक्ति तैयार करने का मार्ग सुगम बनाया जा सकेगा. इस आशय की सलाह विश्वविख्यात सीरम इंस्टीट्यूट के संशोधक डॉ. आशीष सहाय ने दी. आशीष सहाय संत गाडगे बाबा अमरावती विद्यापीठ में विद्यापीठ उद्योग मीट का उद्घाटन करने के बाद मार्गदर्शन कर रहे थे. संत गाडगे बाबा अमरावती विश्वविद्यालय के प्र-कुलगुरु एवं जैव प्रौद्योगिक विभाग के प्रमुख डॉ. प्रसाद वाडेगांवकर ने अध्यक्षता की. मौके पर प्रमुख रूप से मुख्य वैज्ञानिक फार्माकोलॉजी विभाग, आईआईएम, जम्मू के दिलीप मोंढे, आईआईएल की संचालिका डॉ. स्वाती शेरेकर मौजूद थीं. डॉ. सहाय ने उद्यमी बनने के लिए छात्रों को आगे आने की सलाह दी. बायोटेक्नोलॉजी विभाग के विद्यार्थी शोध को महत्व दे रहे हैं, जिससे उनका भविष्य उज्जवल है. सीरम में 180 देशों में विभिन्न रोगों के खिलाफ टीके उपलब्ध कराए हैं, जो निश्चित रूप से भारत के लिए गर्व की बात है. कोरोना के दौरान हमारी कंपनी ने वैक्सीन बनाने के लिए दिन-रात काम किया. कोरोना की रोकथाम के लिए कोविशील्ड और अन्य टीकों के विकास ने कम समय में लाखों लोगों की जान बचाने में मदद की है. सीरम इंस्टीट्यूट के प्रमुख आधार पूनावला की दूरदर्शिता और नेतृत्व ने सीरम को विश्व प्रसिध्द संस्थान बना दिया है. अध्यक्षीय भाषण में डॉ. प्रसाद वाडेगांवकर ने कहा, हमारे देश में और शोध की जरूरत है. हमारे शरीर में विभिन्न कोशिकाएं होती हैं, उनमें विषाणु कोशिकाएं अधिक प्रचुर मात्रा में होती हैं. इसे संरक्षित करने की जरूरत है. वर्तमान के छात्र बहुत बुध्दिमान हैं. कुछ नया करने की चाहत रखते हैं. ऐसे समय में हम तकनीक के मामले में विदेशों पर निर्भर नहीं रह सकते. इसके लिए हमारे छात्रों को सोचना चाहिए और स्थिति को बदलने का प्रयास करना चाहिए.